# दिनांक–13.11.2019 को माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में आहूत विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः– पंजी के अनुसार**

दिनांक–13.11.2019 को राजभवन, पटना में माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में विभिन्न विश्वविद्यालयों की समीक्षा हेतु एक बैठक आहूत की गयी जिसमें अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, माननीय कुलाधिपित के अपर मुख्य सचिव, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

बैठक प्रारंभ करते हुए श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, माननीय कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव द्वारा बैठक के लिए निर्धारित एजेन्डे के अनुसार विगत माह (सितम्बर, 2019) में कुलपतियों की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन, शैक्षणिक एवं परीक्षा–सत्र की अद्यतन स्थिति, विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों के नैक मूल्याकंण, UMIS लागू करने की अद्यतन स्थिति, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के पदों के सृजन से संबंधित प्रस्ताव के प्रेषण, NAD लागू करने, स्नातक के पाठ्यक्रम को C.B.C.S. प्रणाली के अन्तर्गत संशोधन करने, छात्र संघ के चुनाव, शोध को विकसित करने, आदि मामले पर प्रकाश डाला गया।

**माननीय कुलाधिपति ने अपने सम्बोधन में निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला–**

1. स्नातक स्तर पर सभी लंबित परीक्षाओं को जून, 2020 तक सम्पन्न कराया जाय। शैक्षणिक सत्र एवं परीक्षा कैलेन्डर का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।
2. स्नातकोत्तर विभागों तथा महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी. सी.) के निदेशानुसार एवं परिनियम के प्रावधान के अनुरूप शिक्षकों की उपस्थिति प्रतिदिन पाँच घंटे और सप्ताह में चालिस घंटे सुनिश्चित किया जाए।

Scanned by CamScanner

3. माननीय कुलाधिपति ने सभी परीक्षाओं का कदाचारमुक्त आयोजन कराने का निदेश दिया। परीक्षा केन्द्रों के चयन में सतर्कता बरतने का भी निदेश दिया गया।
4. विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को नैक मूल्याकंण कराने तथा नैक मान्यता प्राप्त कर चुके महाविद्यालयों को आवश्यकतानुसार अपनी रैंकिंग में सुधार करने का निर्देश दिया गया।
5. Digitization की प्रक्रिया को गति प्रदान करने हेतु सभी विश्वविद्यालयों में एक आई. टी. मैनेजर एवं दो प्रोग्रामरों के पदों को सृजित कर उक्त पद पर बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के माध्यम से Outsource पर नियुक्ति करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।
6. माननीय कुलाधिपति ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ती वर्ष में गाँधी जी के जीवन–दर्शन पर वाद–विवाद प्रतियोगिता तथा क्विज़ आयोजन करने का निदेश दिया।
7. छात्रों की संख्या का आकलन कर सभी महाविद्यालयों में शिक्षकों के पदस्थापन की समीक्षा करने का निदेश दिया गया।
8. सभी कुलपतियों को निदेश दिया गया कि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत अच्छे महाविद्यालयों को NIRF रैंक हेतु प्रोत्साहित किया जाय तथा उसमें भाग लेने के लिए महाविद्यालयों को तैयार किया जाय।

**माननीय कुलाधिपति के सम्बोधन के पश्चात् एजेंडावार निम्न प्रकार से समीक्षा की गयी:–**

1. **Action taken report on the review meeting held in first week of September, 2019-**

   सभी महाविद्यालयों से सितम्बर, 2019 में कुलपतियों की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गयी। समय–सीमा के भीतर परीक्षाओं का आयोजन तथा परीक्षाफल के प्रकाशन के संबंध में सभी विश्वविद्यालयों द्वारा बताया गया कि जून, 2020 तक स्नातक स्तर की लंबित सभी परीक्षाओं का आयोजन कर लिया जायेगा तथा परीक्षाफल का प्रकाशन निर्धारित अवधि के भीतर करने की सूचना दी गयी।



Scanned by CamScanner

विश्वविद्यालयों तथा सभी महाविद्यालयों के नैक मूलयाकंण, शोध प्रस्ताव समर्पित करने, शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की भी सूचना दी गयी। विश्वविद्यालय द्वारा सेवानिवृति के छः माह पूर्व सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का database तैयार करने, छात्र संघ का चुनाव कराने, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का C.F.M.S. में निबंधन करने, महाविद्यालयों के सम्बन्धन का प्रस्ताव ससमय भेजे जाने, वृक्षारोपन कराये जाने की भी सूचना दी गयी।

विश्वविद्यालयों में सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा लागू करने के उद्देश्य से शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन के पुर्ननिर्धारण का प्रस्ताव शीघ्र समर्पित किये जाने का आश्वासन दिया गया।

स्मार्ट क्लासेज़ के संचालन, सौर उर्जा उपकरण लगाये जाने, Rain Water Harvesting की सुविधा भवनों में लगाये जाने के संबंध में भी बताया गया।

BSEIDC के माध्यम से कराये जा रहे कार्यों के संबंध में दिनांक–19.11.2019 को सभी विश्वविद्यालयों के साथ बैठक आहूत करने का निर्णय लिया गया।

2. **Regularization of Academic and Examination Calendar, timely publication of results and conduct of Convocation-**

विश्वविद्यालयों की लंबित परीक्षाओं की स्थिति निम्नवत् हैः–

| Name of University | Pending examination (Under-Graduate) | Pending examination (Post-Graduate) |
|---|---|---|
| BNMU | 3 | 7 |
| BRABU | 4 | 1 |
| JPU | 2 | 6 |
| MU | 4 | 4 |
| TMBU | 3 | 4 |
| VKSU | 2 | 5 |

स्नातक की सभी परीक्षाओं का आयोजन जून, 2020 तक करा लिये जाने का आश्वासन सभी विश्वविद्यालयों द्वारा दिया गया।

Scanned by CamScanner

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा स्नातकोत्तर की परीक्षाओं का संचालन नवम्बर, 2020, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा द्वारा दिसम्बर, 2020 से मार्च 2021, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा मई, 2020, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर द्वारा मार्च, 2020 तथा वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा जून, 2020 तक कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

कुलपति, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा परीक्षा प्रपत्र एवं परीक्षा शुल्क की राशि उनके महाविद्यालयों द्वारा हस्तांतरित नहीं किये जाने के कारण पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ के क्षेत्राधीन अवस्थित महाविद्यालयों की परीक्षाओं के संचालन में समस्या उत्पन्न हो रही है।

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ को निदेश दिया गया कि अविलम्ब परीक्षा शुल्क तथा परीक्षा प्रपत्र भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा को भेजें जिससे कि परीक्षाओं के संचालन में कोई समस्या उत्पन्न न हो।

अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से महाविद्यालय के संबंधन का प्रस्ताव समय–सीमा समाप्त होने के पश्चात् भी भेजा जा रहा है।

कुलपति, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा को निदेश दिया गया कि महाविद्यालयों के संबंधन के प्रस्ताव को समय–सीमा के भीतर शिक्षा विभाग को भेजने के आदेश का दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

**3- Rationalization of teachers in colleges on the basis of total number of enrolled students and maintenance of a fair Teacher-Student ratio.**

सभी कुलपतियों को निदेश दिया गया कि शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए सभी महाविद्यालयों में छात्रों के नामांकन के आधार पर शिक्षकों का पदस्थापन किया जाय। यथासम्भव शिक्षक छात्र के अनुपात में समानता बनाकर

Scanned by CamScanner

रखने का प्रयास किया जाय। जिस विषय में छात्र की उपस्थिति नगण्य या बहुत ही कम है, वहां से शिक्षकों का स्थानान्तरण अन्यत्र करने पर भी विचार किया जाना चाहिए।

## 4- NAAC Accreditation of Colleges.

सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नैक मूल्याकंण सुनिश्चित करने हेतु एक कार्यशाला के आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यशाला आयोजन के पूर्व महाविद्यालयों के कम–से–कम दो शिक्षक को प्रशिक्षित कर लिये जाने का निर्णय लिया गया।

सभी विश्वविद्यालयों में एक आई. टी. मैनेजर तथा दो प्रोग्रामर बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन, पटना के माध्यम से Outsource के आधार पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालयों को इससे संबंधित पद सजृन का प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने का निदेश दिया गया।

विभिन्न विश्वविद्यालयों में नैक मूल्याकंण की स्थिति निम्नवत् पायी गयीः–

**Universtiy Wise Constituent College for AISHE/DCF-II, IIQA, SSR and NAAC improvement Status as on November 05, 2019**

| | | | NAAC Status | | | IIQA | | SSR | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | SSR Status as on 05.11.2019 | | | |
| SL | Univ. | No. of Constituent College | College with NAAC as on 05/11/2019 | College without NAAC as on 05/11/2019 | College NAAC % | College with IIQA as on 11/06/2019 | College with IIQA as on 5/11/2019 | College with SSR as on 11/06/19 | College with SSR as on 5/11/19 | Status Submitted | payment made | Expired/Withdrawn/SSR Qualification,Pre-Qualification Failed/ Grade Declared Fail | College without NAAC, IIQA or SSR as on 5/11/19 |
| 1 | LNMU | 43 | 27 | 16 | 62.8 | 15 | 16 | 8 | 13 | 1 | 0 | 12 | 2 |
| 2 | VKSU | 17 | 10 | 7 | 58.8 | 7 | 7 | 3 | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 |
| 3 | BRABU | 39 | 22 | 17 | 56.4 | 16 | 16 | 3 | 14 | 3 | 2 | 9 | 1 |
| 4 | TMBU | 12 | 6 | 6 | 50.0 | 5 | 5 | 5 | 5 | 0 | 0 | 5 | 1 |
| 5 | PPU | 25 | 11 | 14 | 44.0 | 13 | 15 | 0 | 14 | 0 | 2 | 12 | 0 |
| 6 | PU | 8 | 4 | 4 | 50.0 | 4 | 4 | 3 | 4 | 1 | 1 | 2 | 0 |
| 7 | MU | 19 | 6 | 13 | 31.6 | 12 | 12 | 3 | 10 | 0 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | JPU | 21 | 6 | 15 | 28.6 | 14 | 15 | 6 | 14 | 0 | 2 | 12 | 0 |
| 9 | PURNEA | 13 | 3 | 10 | 23.1 | 4 | 10 | 4 | 9 | 0 | 2 | 7 | 0 |
| 10 | BNMU | 14 | 2 | 12 | 14.3 | 11 | 12 | 0 | 6 | 0 | 0 | 6 | 0 |
| 11 | MUNGER | 17 | 2 | 15 | 11.8 | 15 | 15 | 10 | 14 | 0 | 2 | 12 | 0 |
| 12 | KSDSU | 31 | 4 | 27 | 12.9 | 11 | 11 | 5 | 9 | 0 | 1 | 8 | 16 |
| | **Total** | **259** | **103** | **156** | **39.8** | **127** | **138** | **50** | **119** | **5** | **15** | **99** | **21** |



Scanned by CamScanner

5- **Implementation of University Management Information System (UMIS).**

U.M.I.S. की समीक्षा के कम में पाया गया कि विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा अलग–अलग Module को लागू करने की कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा Student Life Cycle लागू करने के लिए 70 रूपये प्रति छात्र से लेकर 370 रूपये प्रति छात्र तक का एकरारनामा किया गया है। अलग–अलग विश्वविद्यालय द्वारा Student Life Cycle की व्याख्या अलग–अलग तरीके से की जा रही है।

U.M.I.S. लागू करने के संबंध में पदाधिकारियों, कर्मियों तथा वेंडरों के द्वारा किये जाने वाले कार्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। इसके दीर्घकाल में महगें होने की संभावना है तथा वेंडरों के कार्य को परिभाषित नहीं किया गया है। Termination clause का भी स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

समीक्षा के कम में ये भी पाया गया कि Database का स्वामित्व विश्वविद्यालयों के पास न होकर वेंडरों के पास है। विश्वविद्यालय के कर्मियों तथा पदाधिकारियों को प्रशिक्षित भी नहीं किया गया है, जिसके कारण Database की सुरक्षा और Backup plan की अनिश्चितता बनी हुई है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार के शिक्षा विभाग एवं सूचना प्रावैधिकी विभाग से समन्वय कर U.M.I.S. लागू करने हेतु एक Common Software Programme विकसित करने पर विचार किया जाय, जिससे सभी विश्वविद्यालय लाभान्वित होंगे तथा राशि की बचत होगी।

6- **Ensuring attendance of teachers for at least 5 hours everyday and 40 hours every week.**

स्नातकोत्तर विभाग तथा सभी महाविद्यालयों में शिक्षकों की प्रत्येक कार्य दिवस पाँच घंटे तथा प्रत्येक सप्ताह चालिस घंटे की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

शिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित कराने तथा वैसे शिक्षक जिनकी उपस्थिति नियमित नहीं है, उनसे कारण–पृच्छा कर उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

7- **Installation of Biometric Attendance System and monitoring of attendance of teachers and linkage of salary on the basis of data generated through it.**

शिक्षकों के वेतन के भुगतान को बायोमेट्रिक प्रणाली से जोड़ने का निर्णय लिया गया।



Scanned by CamScanner

विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा निम्न प्रतिवेदन समर्पित किया गया:–

| UNIV. | Total no. of BAS installed and working | | | Linkage of attendance to Salary | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | PG and University | Colleges | Total (PG Dept. + Colleges) | PG and University Dept. | Colleges | Total (PG Dept. + Colleges) |
| BNMU | 7 | 20 | 27 | Linkage of attendence to Salary in process | | |
| BRABU | 28 | 38 | 66 | Yet to be implemented | | |
| JPU | 1 | 12 | 13 | 0 | 12 | 12 |
| KSDSU | 3 | 26 | 29 | 6 | 26 | 32 |
| LNMU | 22 | 42x2= 84 | 106 | Under Process | | |
| MU | 33 | 109 | 142 | प्रक्रियाधीन है। | | |
| MUNGER | NA | 8 (yet to be installed) | 8 | NA | 8 | 8 |
| PPU | Nil | 19 Constituent, 03 Minority, 03 Govt. College. | PG - 0, Colleges - 25 | Done manually | Done manually | 19 Constituent + 3 Minority and 3 Govt. College. |
| PU | 16 | 12 | 28 | | | In the Process |
| PURNEA | | 13 | | | | |
| TMBU | 12 | 37 | | | | |
| VKSU | 29 | 17 | 46 | 29 | 17 | 46 |

विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का अधिष्ठापन BSEIDC के माध्यम से कराये जाने की सूचना दी गयी तथा BSEIDC द्वारा कराये जा रहे कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया गया।

निर्णय लिया गया कि विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं BSEIDC के पदाधिकारियों के साथ दिनांक–19.11.2019 को संयुक्त बैठक आहूत कर समस्या का निदान कराया जाय।

## 8- Digitization.

सभी विश्वविद्यालयों में डिजीटाईजेशन को बढ़ावा देने के लिए ऑन–लाईन पाठ्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया। एक कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यशाला में स्मार्ट क्लासेज, SWAYAM, SWAYAM PRABHA, MOOCS (Massive Open Online Courses), आदि की सुविधा प्रदान कराने पर विचार करने का निर्णय लिया गया।



Scanned by CamScanner

9- **Creation of posts of teachers and non-teaching staffs.**

विभिन्न विश्वविद्यालयों में शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के पदों के सृजन का प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने का निदेश दिया गया।

भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर तथा जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, सारण द्वारा प्रस्ताव नहीं भेजे जाने की सूचना दी गयी। अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि यदि प्रस्ताव शीघ्र नहीं भेजे गये तो राज्य सरकार पदो के सृजन की कार्रवाई प्रारम्भ कर देगी।

10- **Adoption of National Academic Depository (NAD).**

NAD के संबंध में विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा निम्न सूचनायें दी गयी–

| UNIV. | Date of Registration with NAD | Date of Signing of MoU with NAD | Degree template submitted to NAD (Y/N) | No. of Degree/Certificates uploaded |
|---|---|---|---|---|
| BNMU | 08.06.2018 | 22.06.2018 | Y | NIL |
| BRABU | 05.06.2018 | 21.06.2018 | Y | 350 |
| JPU | 15.04.2019 | 26.06.2018 | N | |
| KSDSU | 09.07.18 | 12.06.2018 | N | 1 |
| LNMU | 18.08.2017 | 04.05.2018 (Mumbai) | Yes | Under Process |
| MU | NAD के कार्यान्वियन हेतु डॉ तन्मय लहरी, भौतिकी, मगध विश्वविद्यालय को नोडल पदाधिकारी का चयन किया जा चुका है। NAD संस्था के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हो चुका है। राजभवन द्वारा आयोजित NAD कार्यशाला में विश्वविद्यालय ने भाग लिया है। | | | |
| MUNGER | NA | | | |
| PPU | SLA (Service Level Agreement) is in process. | | | |
| PU | 23.8.2018 | 05.04.2018 | Under Process | |
| PURNEA | (NAD) an MoU has been signed | | | |
| TMBU | 30.05.2018 | 30.05.2018 | Data has been provided | |
| VKSU | 30.05.2018 | 10.12.2018 | Sample data generated. Now, through UMIS degree template may be uploaded | |

भविष्य में NAD लागू करने हेतु कार्यशाला आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया।

11- **Registration of teachers and students in National Digital Library (NDL).**

सभी शिक्षकों एवं छात्रों का National Digital Library_(NDL) में निबंधन हेतु विश्वविद्यालयों को निदेश दिया गया।



Scanned by CamScanner

छात्रों के नामांकन के समय तथा परीक्षा प्रपत्र भरवाने के समय ही National Digital Library (NDL) में निबंधन कराये जाने पर बल दिय गया।

12- **Curriculum revision of Under-Graduate courses on the CBCS pattern.**

स्नातक स्तर पर CBCS पैटर्न पर पाठ्यक्रम में संशोधन हेतु विश्वविद्यालयों को निम्न प्रकार विषय आवंटित किये गये थे।:–

| | |
|---|---|
| **Patna University**<br>(i)Physics(ii)Mathematics<br>(iii)Geography(iv)PMIR(v)statistics<br>(vi)Biochemistry(vii)English(viii)Urdu<br>(ix)Arabic(x)Music | **Magadh University**<br>(i)Economics(ii)History<br>(iii)Ancient Indian History (iv)Magahi<br>(v)Chemistry (vi) Buddhist Studies. |
| **B.R.A. Bihar University**<br>(i) Botany (ii) Hindi (iii) Persian<br>(iv) Electronics | **T.M.B. University**<br>(i) Zology (ii) Anthropology<br>(iii) Computer Science (iv) Sociology |
| **V.K.S.University**<br>(i) Political Science (ii) Philosophy (iii) Bhojpuri | **K.S.D.S. University**<br>(i) Sanskrit |
| **L.N.M.University**<br>(i) Psychology (ii) Commerce (iii) BBA (iv) Maithili | **B.N.M.University**<br>(i) Biotechnology<br>(ii) Industrial Microbiology |

पटना विश्वविद्यालय, पटना, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर से संशोधित पाठ्यक्रम का प्रस्ताव प्राप्त हो गया है। शेष विश्वविद्यालयों से इसे शीघ्र समर्पित करने का अनुरोध किया गया।

प्रस्ताव प्राप्त होने पर CBCS को स्नातक स्तर पर लागू करने के संबंध में तीन सदस्यीय कुलपतियों की समिति गठन करने का निर्णय लिया गया।

13- **Publication of prospectus of the University.**

सभी विश्वविद्यालयों को अपना–अपना Prospectus शीघ्र प्रकाशित करने का निदेश दिया गया। मात्र ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना, पटना विश्वविद्यालय, पटना एवं कामेश्वर सिंह



Scanned by CamScanner

दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा प्रोस्पेक्टस बनाये जाने की सूचना दी गयी।

सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निदेश दिया गया कि प्रोस्पेक्टस शीघ्र बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

14. **Dates of Student's Union Election.**

छात्र संघ चुनाव कराये जाने के संबंध में विश्वविद्यालयों द्वारा निम्न तिथि निर्धारित की गयीः–

| | |
|---|---|
| BNMU | 25.11.2019 |
| BRABU | January,2020 |
| JPU | December, 2019 |
| KSDSU | 30.09.2019 |
| LNMU | 01-12-2019 |
| MU | January, 2020 |
| MUNGER | January, 2020 |
| PPU | December, 2020 |
| PU | 07-12-2019 |
| PURNEA | December, 2020 |
| TMBU | December, 2020 |
| VKSU | December, 2020 |

निर्णय लिया गया कि छात्र संघ का कार्यकाल एक वर्ष या अगले वर्ष के चुनाव तक, जो पहले हो, तक रहने के संबंध में परिनियम में आवश्यक सुधार किया जाय।

**एजेंडावार समीक्षा के पश्चात् सभी कुलपतियों से विमर्शोपरान्त निम्न निर्णय लिये गयेः–**

1. विभिन्न महाविद्यालयों में छात्रों के नामांकन हेतु सीटों की संख्या बढ़ाये जाने के संबंध में विश्वविद्यालयों को नियमानुसार प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को समर्पित करने का निर्णय लिया गया।
2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) से प्राप्त अधिसूचना के आलोक में अतिथि शिक्षक का मानदेय रू0 25,000/– (रूपये पचीस हजार) से बढ़ाकर रू0 50,000/– (रूपये पचास हजार) किये जाने के संबंध में शिक्षा



Scanned by CamScanner

विभाग, बिहार सरकार अपने स्तर से नियमानुसार निर्णय लेकर सभी विश्वविद्यालयों को संसूचित करे।

3. जून, 2020 तक स्नातक स्तर की लंबित सभी परीक्षाओं का संचालन करा लिये जाने का निर्णय लिया गया।

4. विश्वविद्यालयों को अन्तर–विश्वविद्यालय स्तर पर शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

5. सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में दिनांक–28.02.2020 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया तथा राज्यपाल सचिवालय में विश्वविद्यालयों को विज्ञान प्रदर्शनी तथा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी, 2020 को मनाने का भी निर्णय लिया गया।

6. बैठक में निम्न कार्यशालाओं के आयोजन कराने का निर्णय लिया गया।

| Sl. No | Topic of Seminar/ Workshop | Probable Date/ Month | Nodal University |
|---|---|---|---|
| 1 | Workshop on NAAC accreditation and training of Master Trainers, NAAC (PVC and two Nodal Officer) of each University | Jan., 2020 | LNMU, Darbhanga |
| 2 | Inter University Quiz on contribution of Mahatma Gandhi in freedom struggle. | Jan.,2020 | JPU, Chapra |
| 3 | Horticulture Exhibition to exhibit latest equipment and new breeds of plant. | 11-12, Feb, 2020 | BAU, Sabour |
| 4 | Innovators Exhibition to display development of new technology, equipment and other innovations. | 28 Feb, 2020 | Munger Univ., Munger |
| 5 | Seminar on important aspects concerned with Higher Education System in New Education Policy-2019 | Feb., 2020 | Patna Univ. Patna |
| 6 | Workshop on curriculum revision of Under-Graduate courses to make it NET compatible. | Feb., 2020 | Patna Univ., Patna |
| 7 | Workshop on submission of proposal for National Institutional Ranking Framework(NIRF) to instil a sense of competitiveness amongst the Universities of Bihar | March, 2020 | Purnea Univ., Purnea |
| 8 | Workshop / Seminar to discuss best paper published in Refereed/ Premier Journal by Faculty /Research Scholars. | March, 2020 | Patna Univ.,Patna |
| 9 | Workshop / Seminar of UGC, RUSA, ICAR, CSIR, ICSSR and other funding agencies to sensitize Universities to submit research proposals to funding agencies. | March, 2020 | VKSU, Ara |
| 10 | Joint Conference of All India University, UGC and Vice-Chancellors of Universities of Bihar to discuss Higher Education scenario in the State of Bihar. | 20.04.2020 | VKSU, Ara |
| 11 | Workshop on Digitization to introduce online courses i.e.,SWAYAM, SWAYAM PRABHA, MOOCS, etc. | April, 2020 | Patliputra Univ., Patna |



Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | Workshop with Principals of Constituent Colleges to discuss problems faced by them. | May,2020 | Magadh Univ., Bodh Gaya |
| 13 | Presentation of best Ph.D.thesis in the faculties of Science, Arts, Humanities and Commerce to felicitate faculty members. | May, 2020 | Patna Univ., Patna |
| 14 | Debate on Gandhian Policy of Ahinsa/Cleanliness and Gandhian concept of Swadeshi | June, 2020 | BRABU, Muzaffarpur |
| 15 | Workshop / Seminar for introduction to National Academic Depository (NAD) and National Digital Library (NDL) | June, 2020 | AKU, Patna |
| 16 | Workshop/Seminar on Cattle and Buffalo Genetic Resources for Livelihood Security through Sustainable Utilization. | June, 2020 | BASU, Patna |

7. विभिन्न विश्वविद्यालयों में Research Promotion Cell के गठन का निर्णय लिया गया। शोध का प्रस्ताव वित्त पोषण हेतु Funding Agency को समर्पित करने का निर्णय लिया गया।
8. सभी विश्वविद्यालयों का Integrated website बनाने का निर्णय लिया गया।
9. सभी विश्वविद्यालयों में एक आई. टी. मैनेजर तथा दो प्रोग्रामर बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन, पटना से Outsource के आधार पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।
10. बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा अनुशंसित शिक्षकों का शीघ्र पदस्थापन किये जाने का निर्णय लिया गया।
11. स्व वित्त पोषित पाठ्यक्रम में नामांकन तथा विभिन्न प्रकार की ली जाने वाली फीस, शिक्षकों की योग्यता तथा उन्हें दिये जा रहे मानदेय के संबंध में पारदर्शिता बरती जाय।
12. सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन निर्धारण का सत्यापन शीघ्र किया जाय।
13. शिक्षकों का Rationalization कर, छात्रों के नामांकन के आधार पर, महाविद्यालयों में स्थानान्तरण किया जाय।
14. नव सृजित विश्वविद्यालय, यथा पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ एवं बी. एन. एम. यू., मधेपुरा, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया एवं पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय, पटना तथा तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर एवं मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण पूर्ण रूप से करा लिया जाय।



Scanned by CamScanner

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ से परीक्षा प्रपत्र तथा परीक्षा शुल्क अपने क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित महाविद्यालयों से बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा को शीघ्र हस्तांतरित करने का अनुरोध किया गया जिससे परीक्षाओं के संचालन में कोई समस्या उत्पन्न न हो।

15. नयी नियुक्ति हेतु कुलपतियों को आरक्षण रोस्टर संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त से अनुमोदित करा कर प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। Outsource पर नियुक्त किये जाने वाले कर्मियों का भी आरक्षण रोस्टर प्रमंडलीय आयुक्त से स्वीकृत कराये जाने का निर्णय लिया गया।

16. विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की निजी भूमि जो असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमित की जा रही है, उसे असामाजिक तत्वों से मुक्ति दिलाने हेतु स्थानीय प्रशासन से सहयोग का अनुरोध करने का निदेश दिया गया।

17. विश्वविद्यालयों में Research Scholar से भी पठन–पाठन का कार्य आवश्यकतानुसार लिये जाने का निर्णय लिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

26/11

**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**

**माननीय कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव**

ज्ञापांक– B.S.U.(Meeting) 49/2018-3326 /रा.स.(I), दिनांक– 28-11-2019

**प्रतिलिपिः–**

1. बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति/प्रतिकुलपति/कुलसचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग/ महाप्रबंधक, BSEIDC.
3. माननीय कुलाधिपति के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के आप्त सचिव/ संबंधित पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. श्री बिजय कुमार, तकनीकी निदेशक, राजभवन, पटना को वेबसाइट पर अपलोड करने/Custodian, गार्ड फाईल को संधारन हेतु।

26/11

**माननीय कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव**

Scanned by CamScanner